सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
Central Coalfields Limited

सीसीएल परिवार के मेरे प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

हम सभी जानते हैं कि हमारी संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। आज हिंदी को राजभाषा के पद पर आसीन हुए 75 वर्ष हो चुके हैं।

संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार हिंदी, संघ की राजभाषा है इसलिए राजभाषा संबंधी संवैधानिक एवं कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा संघ के सरकारी काम–काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जून 1975 में गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वतंत्र विभाग के रूप में राजभाषा विभाग की स्थापना की गई, तब से हीं यह विभाग संघ के सरकारी काम–काज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सतत् प्रयासरत है।

हिंदी विश्व की समृद्धतम भाषाओं में से एक है, जिसके अनेक शब्दों को अन्य भाषाओं ने भी स्वीकार किया है और आज पूरे विश्व में उपयोग किये जाते हैं। आज देश एवं व्यापार के विकास में हिंदी, नितांत आवश्यकता बन चुकी है। यह समाजिक एवं भावनात्मक तौर पर हिंदी की सम्पन्नता एवं पैठ को दर्शाता है। आज की तकनीकी दुनिया में हम विकास के उस पड़ाव पर हैं, जहां हम अपने कार्यालयीन कार्य हिंदी में आसानी से करने में सक्षम हैं।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। हमारा कार्यालय हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पणी एवं हिंदी में किए जाने वाले अन्य कार्यो में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। वर्ष 2022–2023 की तुलना में 2023–2024 के दौरान कार्यालय ने अपेक्षाकृत सराहनीय कार्य किया है।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से पुनः हार्दिक शुभकामनाएं ।
शुभकामनाओं सहित।

(हर्ष नाथ मिश्र)
निदेशक (कार्मिक)
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड